nt>

Title: Need to solve the problem of scarcity of drinking water in Gaya, Bihar through Centrally Sponsored Schemes. − Laid.

श्री राजेश कुमार मांझी (गया) : अध्यक्ष महोदय, बिहार के गया शहर में पेयजल की समस्या बहुत ही विकराल बनी हुयी है। इसके चलते लोगों को कई कठिनाइयों का सामना करना पडता है। बहुत दूर-दूर से पानी लाना पड़ता है।

दूर-दूर से आये पर्यटकों को भी काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। पितृ पक्ष का वार्षिक मेला आने वाला है, जिसमें देश के सभी कोनों से लोग यहां पहुंचत् हैं और अपना पिंडदान करते हैं। इसमें यह समस्या और भी गंभीर हो जाती है। इसके साथ साथ गया एक अंतर्राष्ट्रीय महत्व का बौद्ध पर्यटक स्थल भी है। जिसके चलते यहां विदेशी पर्यटकों का भी जमावड़ा लगा रहता है। इन लोगों को भी पेयजल की समस्या से जूझना पड़ता है।

अतः मैं इस सदन के माध्यम से केन्द्र सरकार से यह मांग करता हूं कि वहां पर केन्द्रीय योजनाओं के तहत पेयजल की समस्या का निराकरण अविलम्ब शुरू किया जाये।